कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रोग्रामन, रोबोटिकी, साइबर सुरक्षा, आँकड़ा विज्ञान तथा डिजिटल अभिकल्पना जैसे क्षेत्र आने वाले वर्षों में असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेंगे। जो विद्यार्थी आज कंप्यूटर और डिजिटल तकनीकों का ज्ञान अर्जित कर रहे हैं, वही भविष्य में नई तकनीकों के निर्माता और नेतृत्वकर्ता बनेंगे।

किन्तु तकनीक की वास्तविक शक्तिकेवल उसका उपयोग करने में नहीं, बल्कि उसका सदुपयोग करने में निहित है। कंप्यूटर का प्रयोग ज्ञानार्जन, अनुसंधान, नवाचार और समाज के हित में रचनात्मक कार्यों के लिए होना चाहिए। डिजिटल उत्तरदायित्व ही एक जागरूक और सफल विद्यार्थी की पहचान है।

आइए, हम केवल कंप्यूटर चलाना ही न सीखें, बल्कि उसके माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना भी सीखें। आने वाला युग उन्हीं का होगा जो तकनीक के साथ रचनात्मकता, मानवीय संवेदनाओं और नैतिक मूल्यों को समान महत्त्व देंगे।

-संदीप लाम्बा,
कम्प्यूटर ऑपरेटर



डिजिटल जनरेशन : जब कम्प्यूटर सिर्फ मशीन नहीं, आपकी सुपरपावर बन जाता है-

आज की दुनिया में सबसे बड़ी ताकत सिर्फ जानकारी नहीं, बल्कि उसे सही तकनीक के साथ उपयोग करने की क्षमता है।

हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी (VR), डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान बन चुके हैं। ऐसे समय में कंप्यूटर केवल पढ़ाई का साधन नहीं, बल्कि हर विद्यार्थी के सपनों को वास्तविकता में बदलने वाला सबसे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म है।

आज का विद्यार्थी केवल किताबों तक सीमित नहीं है। वह कोड लिख सकता है, ग्राफिक्स डिजाइन कर सकता है, विडियो एडिटिंग सीख सकता है, 3D मॉडलस् बना सकता है, एप्स विकसित कर सकता है, वेबसाइड बना सकता है और एआई टूल की मदद से नई खोज कर सकता है।' यही कौशल आने वाले कल के नेतृत्व की पहचान बनेंगे।

आज दुनिया डिग्री से अधिक स्किलस को महत्व दे रही है। जो विद्यार्थी कंप्यूटर के साथ सीखना जानते हैं, वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं 'चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान, चिकित्सा, व्यापार, मीडिया, रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान या उद्यमिता।

कंप्यूटर हमें केवल जानकारी नहीं देता, बल्कि हमें 'क्रिएटिव थिंकर, स्मार्ट लर्नर और कॉन्फिडेंट प्रॉब्लम सॉल्वर' बनाता है। यह हमारी कल्पना को नवाचार में और हमारे विचारों को उपलब्धियों में बदलने की क्षमता देता है।

लेकिन हर तकनीक के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। डिजिटल दुनिया में सफलता केवल तेज होने से नहीं, बल्कि 'सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक' बनने से मिलती है। इसलिए तकनीक का उपयोग सीखने, सृजन करने और समाज के विकास के लिए करना ही सच्ची डिजिटल सफलता है।

आने वाला समय उन विद्यार्थियों का होगा जो केवल कंप्यूटर प्रयोग नहीं करेंगे, बल्कि नई सोच लाएं और नेतृत्व करेंगे। हर नया कौशल, हर नया विचार और हर नया प्रोजेक्ट भविष्य की सफलता की एक नई सीढ़ी है।

-हर्ष कुमावत
कम्प्यूटर ऑपरेटर



संस्कृतम् पठसि चेत् किम् भवति ?

यदि त्वं संस्कृतं पठसि,
तर्हि तव विचारशक्तिः तीव्रा भवति।
संस्कृतभाषा स्पष्टा, तार्किका, शुद्धा च अस्ति,
अतः सा बुद्धिं विकसितुं साहाय्यं करोति।

संस्कतं पठनेन उच्चारणशुद्धिः वर्धते,
स्मरणशक्तिः च दृढा भवति।
श्लोकानां मन्त्राणां च अभ्यासेन
मनः शान्तं भवति, एकाग्रता च वर्धते।

संस्कृतग्रन्थेषु जीवनस्य उत्तमानि सूत्राणि सन्ति।
ते वयं सत्यं, संयमं, करूणां, अनुशासनं च शिक्षयन्ति।
अतः संस्कृतं पठसि चेत्,
त्वं न केवलं विद्यार्थी,
अपि तु संस्कारी मानवः भवसि।

आधुनिकजीवने अपि संस्कृतस्य महत्वं अस्ति।
योगः, आयुर्वेदः, दर्शनशास्त्रं,
तथा संगणकविज्ञानम् अपि
संस्कृतस्य उपयोगं दर्शयन्ति।

अन्ते कथयामि -
ज्ञानं, शान्तिं, सस्कारान् च अवाप्स्यसि।
संस्कृतं पठ - बुद्धिं तीक्ष्णां कुरु,
जीवन श्रेष्ठं कुरु।''

-पंकज शर्मा
वरिष्ठ अध्यापक, संस्कृत व हिंदी





EXCELLENCE in Every Result !

CBSE Result-2026



98.40%

ABHINAV JHAJHARIYA
S/o SH. MANPHOOL SINGH



98.40%

MAHAK GODARA
D/o SH. YADARAM GODARA



98.40%

VEDIKA BALODA
D/o SH. RAJ KUMAR



98.00%

HARDIK BANSAL
S/o SH. RADHEY SHYAM BANSAL



98.00%

MEENAKSHI GURJAR
D/o SH. RAMCHANDER GURJAR




98.00%

HIMANSHU KEDIA
S/o Sh. AJAY KEDIA


32 Students Scored ≥ **95.00%**

104 Students Scored ≥ **90.00%**

201 Students Scored ≥ **85.00%**




97.60%
DIKSHA GURJAR




97.40%
PRIYANSHI YADAV




97.20%
RONAK CHOUDHARY




97.20%
VANSHIKA LAMBA




97.20%
CHHAVI AGARWAL




96.60%
VAIDIKA CHOUDHARY



96.60%
HIMANSHU KHARINTA




96.40%
LAVISH CHAUDHARY



96.20%
ANSHIKA GUPTA



96.20%
SHAGUN AGARWAL




96.00%
ANKISHA CHOUDHARY



96.00%
ASHWINI BUGALIA




96.00%
RAKSHITA CHOUDHARY



95.60%
DAKSH CHOUDHARY




95.60%
LAKSHYA VERMA




95.60%
SANVI MITTAL



95.60%
TANISHK MEWARA



95.20%
MOHIT CHOUDHARY



95.00%
HAPPY AGARWAL



95.00%
ASHISH KUMAWAT




95.00%
SUNIL SAINI




95.00%
SIDDHARTH CHOUDHARY




95.00%
AAROHI JANGID



95.00%
SIMANT SINGH



95.00%
PARI AGARWAL



95.00%
BANTI KUMARI

Admissions Open
Nursery to XII | SCIENCE • COMMERCE • HUMANITIES

A.C. HOSTEL For Boys & Girls

GUDHA PUBLIC SCHOOL

Delhi-Sikar Bypass Road
NEEMKATHANA, (Rajasthan)
9783027770/ 71 /72 /74 /75

gudhaeducationhub.com | gudhaeducationhub | info@gpsnkt.gudhaeducationhub.com

COLOUR SPLASH





Chanchal, XI HM



Divyanshi, XI HM



Kanishk Gurjar, V MNS




Aksh Dayama, II BO



Akshita, XI HM



Bhoomi, X BH



Aditi, XI HM



Chanchal, XI HM



Sakshi, VIII RM


Ayush Kumar, VII BH


Akshita, XI HM


Aditi, XI HM



Naira Banka, V BO



Ashmita, VIII BO


Advick, II BH



Aksh Dayama, II BO


Tajasvi, II BH


Mayank, VII KM


Meenal, VII RM


Aadhya Sharma, VI KM



Divyanshi, XI HM


Chanchal, XI HM



Akshita, XI HM


Divyanshi, XI HM


Divyanshi, XI HM


Divyanshi, XI HM


Yogita, XI HM


Divyanshi, X RM


Divyanshi, X RM


Aditi, XI HM


Chanchal, XI HM


Divyanshi, XI HM


Divyanshi, XI HM



Chanchal, XI HM



Yashika, VII RM







Payal Saini, VIII BH


Aarushi Arya, VIII BO


Niku, VIII BO



Kayra Modi, VIII BO


Vinit Yadav, VI BO


Tinku Gurjar, VIII RM



Aarav Mittal, VI BH | Lakshita, VII | Divyansh, VI KM | Kanishak Gurjar | Kulveer, V KM



Aditi, XI HM




Yashwant Gurjar, VII PF



Divyanshi, XI HM



Chanchal, XI HM




Tanvi, VIII BO



Aditi, XI HM



Manisha & Vanshika, VI BO



Aditi, XI HM

दैनिक भास्कर
सीकर जिला 15-09-2025

नीमकाथाना में हनुमान सेवा समिति व दैनिक भास्कर की मीडिया पार्टनरशिप में लगा रक्तदान शिविर

शिविर में विभिन्न संगठनों ने बढ़-चढ़कर किया सहयोग



नीमकाथाना. शिविर में उत्साह के साथ किया रक्तदान। नीमकाथाना. शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। नीमकाथाना. शिविर में सहयोग करने वालों का सम्मान किया।

नीमकाथाना | दिल्ली-सीकर बाईपास स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में सुजानगढ़ के मोरवी में आयोजित सीबीएसई सेक्टर जोन गर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता में नियानय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर सफलता के झंडे गाड़े। विद्यालय के कोच मनोहर सिंह ने बताया कि सेक्टर जोन से खेलने वाली टीम में गुढ़ा पब्लिक स्कूल की आठ प्रतिभागी छात्राओं - श्रेयांशी जाखड़, आन्या, रुद्राणी शर्मा, हिमांशी, खुशी चौधरी, निशांती, पलक जैन एवं एंजेल - ने भाग लिया। इन छात्राओं ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसी तीन बड़ी राज्यों की प्रतिभाओं के कौशल शानदार प्रदर्शन किया।विद्यालय के प्रभारियों ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यालय के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में खेल को केवल शिक्षा का हिस्सा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम माना जाता है। यहां छात्राओं को नियमित अभ्यास, आधुनिक सुविधाएं और अनुभवी कोचिंग स्टाफ उपलब्ध कराया जाता है, जिसका परिणाम आज सामने है।

गुढ़ा पब्लिक स्कूल की बेटियों ने क्रिकेट में रचा इतिहास, श्रेयांशी जाखड़ का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

सच मीडिया



डॉ. पी. के. भाटी ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग में सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच से श्रेयांशी जाखड़ का चयन स्वर्ण पदक के साथ राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, जो पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।इसके अतिरिक्त -आन्या, रुद्राणी शर्मा, हिमांशी, खुशी चौधरी और आरोही चौधरी ने सिल्वर मेडल,वहीं निशांती व पलक जैन ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है।क्षेत्रों में यह उपलब्धियां केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं रहीं। विद्यालय के खेल वर्ष की बात हैं।हाल ही में बेस्ट जोन साइकोथी प्रतियोगिता में

NETAAS SOLAR
नेटास ग्रीन सोलर
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
ATV RAJASTHAN
यदि आपके पास भी है कोई खबर तो हमें व्हाट्सएप कीजिए 9461578509
Sat, 27 Sep 2025
संवाददाता डॉ अनिल शर्मा
संपर्क - 9983088423, 9660447955

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

ईवनिंग पोस्ट/नीमकाथाना



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुढ़ा पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के एल.के.जी. से कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष दिव्या, योग प्रशिक्षक पवन रंगेरा, सत्येन्द्र एवं खेल प्रशिक्षक इंदिरा महला ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पद्मासन, शशांकासन, चन्द्र नमस्कार तथा सूर्य नमस्कार सहित अनेक योगाभ्यास किए। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी एवं ध्यान साधना का भी अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल शरीर को मजबूत बनाने हैं, बल्कि मानसिक व चौट्टिक विकास में भी महत्वपूर्ण योग देते हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ना चाहिए।वहीं डायरेक्टर सत्येंद्र ने कहा - "खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं और जीवन को संकटात्मक दिशा में ले जाते हैं।"इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अजय धायल, संयोजक वर्षा कुमावत, सुरभि प्रजापति सहित समस्त स्टाफ व छात्रगण उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है तथा यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है।

इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येन्द्र ने योग की उत्पत्ति, इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पहला सुख निरोगी काया।' उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफलता और खुशहाल जीवन की कुंजी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिकचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आर. सी. यादव, प्रशासक अजय धायल, संयोजक वर्षा कुमावत, सुरभि प्रजापति सहित समस्त स्टाफ व छात्रगण उपस्थित रहे।

ग्रामीण मीडिया
Gramin Media
विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें 94603 30093

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन



नीमकाथाना, 28 अगस्त। नीम का थाना क्षेत्र में दिल्ली बाईपास रोड़ पर स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल में आज इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। विद्यालय बैंड की मधुर धुनों के बीच छात्र-छात्राओं की आकर्षक परेड ने सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर विद्यालय में हेड गर्ल दिव्यांशी, हेड बॉय सतीश, डिप्टी हेड गर्ल जिया जांगड़, डिप्टी हेड बॉय अमित, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी प्रशांत,कल्चर सेक्रेटरी मानवी बढ़ाना, डिप्टी कल्चर सेक्रेटरी किस्मत, चालुपथ हाउस कैप्टन अदिती यादव, मौर्य हाउस कैप्टन चंचल सांडल, मराठा हाउस कैप्टन नीलम शर्मा, मेवाड़ हाउस कैप्टन प्रियांशी तथा विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों को बैज पहनाकर स्टूडेंट काउंसिल 2025-26 का गठन किया गया और दायित्व ग्रहण कराए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य पी के भाटी ने उन्हें ईमानदारी, निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने सभी स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी सदस्य अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा ईमानदारी से पालन करते हुए विद्यालय के अनुशासन व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नीम का थाना के पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल ने कहा कि छात्र जीवन में जिम्मेदारी निभाना नेतृत्व क्षमता को विकसित करता है और भविष्य में समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में सहायक बनता है। विद्यालय के निदेशक के. सत्येंद्र ने नव-नियोजित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विद्यालय की प्रगति के लिए सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर छठवीं राज्य स्तरीय बॉस्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले गुढ़ा पब्लिक स्कूल के छात्र अंशुल सैनी को 21000 रुपए का नकद पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति गीत एवं नृत्य ने वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंध समिति ने सभी छात्रों को नेतृत्व गुणों को अपनाने और अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन, निदेशक, प्रधानाचार्य,गुढ़ा एजुकेशन हब के सचिव ललित अग्रवाल,संरक्षक मुकेश यादव, गुढ़ा ईंटर नेशनल स्कूल गुढ़ा गौड़ जी प्रधानाचार्य सी.एस.सांगवान,गुढ़ा ईंटर नेशनल स्कूल जसरापुर के एकेडमिक डायरेक्टर एस.के. शर्मा, विद्यालय प्रशासक अजय धायल, आई यर्टी मैन का थाना के हेड आनंद नेहरा,सीनियर कॉर्डिनेटर दिनेश शर्मा, शिक्षक गण, अभिभावक व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री पूर्णिमा जांगिड़ ने किया।

आपके पास भी हैं कोई खबर तो व्हट्सएप करें - 94603 30093

अखिल भारतीय अंतर विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



नीमकाथाना - गुढ़ा पब्लिक स्कूल नीमकाथाना में अखिल भारतीय अंतर विद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 30 से अधिक विद्यालयों से 80 प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय "सोशल मीडिया वास्तविक जीवन के आंसू को नह कर रहा है"। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रतियोगिता के आरंभ में गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के सत्येंद्र ने सभी अतिथियों, प्रतियोगिता के जज, प्रतिभागी विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य, अभिभावक, अध्यापक एवं सभी विद्यार्थियों का स्वागत एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि यह वाद विवाद प्रतियोगिता नीमकाथाना क्षेत्र में शिक्षा जगत के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अतिआवश्यक है। कार्यक्रम को प्रारंभ करने की विधिवत घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने की उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इसके बाद प्रतियोगिता में विषय के पक्ष और विपक्ष में जोरदार तर्क दिए। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर खिलेना कुमार, प्रोफेसर सुनील कुमार एसकेपी राजकीय महाविद्यालय एवं रोहतास डूडी, निदेशक एमडीएस पब्लिक स्कूल ने निष्पक्ष रूप से प्रतियोगिता के फैसले दिए। प्रतियोगिता में विपक्ष में अमन, दिल्ली पब्लिक स्कूल झुंझुनू ने प्रथम, मेघा शर्मा, श्री विद्या मंदिर पिलानी ने द्वितीय, आरज्जू सैनी, गुढ़ा पब्लिक स्कूल, गुढ़ा गोरजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं विषय के पक्ष में इकिका दाधीच, श्री जी वि मोदी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, वंशिका गुढ़ा पब्लिक स्कूल गुढ़ा गोरजी ने द्वितीय, गीतांजलि, दिल्ली पब्लिक स्कूल झुन्झुनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम स्थान को 11000-हजार रुपया का ₹5100-5100, तृतीय स्थान विजेता को ₹3100-3100 एवं दोनों पक्षों के अगले 6 स्थान तक ₹1100 सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ओवरऑल ट्रॉफी दिल्ली पब्लिक स्कूल, झुंझुनू, प्रथम रनर अप ट्रॉफी गुढ़ा पब्लिक स्कूल गुढ़ा गोरजी एवं द्वितीय रनर अप ट्रॉफी सी रे विद्या मंदिर पिलानी ने अर्जित की। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो से नवाजा गया एवं साथ आए अध्यापकों को सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ पी के भाटी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, साथ आए अध्यापकों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के क्रियात्मक विचारों, नवीनतम भावनाओं एवं तार्किक विचारों को व्यक्त करने के लिए जरूरी है। इस अवसर पर डॉ स्वदिं सिंह शेखावत, निदेशक के से इंटरनेशनल अकादमी बगड़, अरविंद तिपाठी, निदेशक दिल्ली पब्लिक स्कूल झुंझुनूं, सचिव मुकेश यादव उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रशासक अजय धायल, पूर्णिमा जांगिड़ ने किया।

ग्रामीण मीडिया
Gramin Media
विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें 94603 30093

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया।



नीमकाथाना, 2 अक्टूबर। नीम का थाना क्षेत्र में दिल्ली बाईपास स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल में आज महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ विजयादशमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन, निदेशक,विद्यालय प्रधार्य एवं प्रशासक द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गांधीजी के जीवन, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। नन्हे बच्चों ने गांधीजी के विचारों पर आधारित पात्रक का संचार कर उपस्थित जनों को भावुक कर दिया।

दशहरा पर्व के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में रावण दहन का नाटकीय आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रामायण के पात्रों की झांकियां प्रस्तुत कीं, जिनमें अयोध्या की पुरार पर विजय का संदेश प्रमुख रहा। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय परंपरा और संस्कृति की झलक दिखाई। इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने कहा दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है जो हमें बुराई को समाप्त कर अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। बेनीवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री हमारे देश की महान विभूतियां हैं। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का मूल मंत्र दिया तो लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी और ईमानदारी की प्रेरणा देते हैं। शास्त्री जी का जीवन बहुत ही सादा था। उन्होंने कभी दिखावा नहीं किया और सत्य एवं ईमानदारी को सर्वोपरि रखा। गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येंद्र ने बताया कि दशहरा पर्व हमें प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा देता है और साथ ही साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमें लाल बहादुर शास्त्री भारत के महान नेताओं में से एक के जिनका जीवन सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति की मिसाल है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ पी. के. भाटी ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि दशहरा के दिन हमें नारी शक्ति के सम्मान एवं उनके गौरव की रक्षा के लिए प्रण लेना चाहिए एवं गांधीजी के द्वारा बताए गए का सत्य, अहिंसा और सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान, जय किसान" का नारा देकर किसानों और सैनिकों का राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़े योगदान का सम्मान किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अजय धायल, सीनियर कॉर्डिनेटर दिनेश शर्मा, वर्षा कुमावत,आई 30 लर्निंग सेंटर नीमकाथाना के अकादमिक प्रभारी डॉ आनन्द नेहरा, शिक्षक गण व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

आपके पास भी हैं कोई खबर तो व्हट्सएप करें - 94603 30093

गुढ़ा पब्लिक स्कूल ने मनाया विजय महोत्सवः हार्दिक बंसल 98.00% के साथ प्रथम

मॉर्निंग मैसेज



नीमकाथाना। गुढ़ा पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई 10 वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नीमकाथाना में सर्वप्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के छात्र हार्दिक बंसल ने 98` अंक लेकर प्रथम, वेदिका ने 96.60` लेकर द्वितीय एवं लविश चौधरी ने 96.40` लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने इस विजय महोत्सव पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि 10 विद्यार्थी 95` से अधिक, 29 विद्यार्थी 90` से अधिक, 53 विद्यार्थी 85` से अधिक, 74 विद्यार्थी 80` से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण रहे। उन्होंने कहा की यह परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों की कड़ी मेहनत और कोशिशों का प्रतिफल है। हम बच्चों और अभिभावकों को बताना चाहते हैं कि एज्जाम में सफलता हेतुभी तारीफ के काबिल होती है, लेकिन यह आखरी मंजिल नहीं है। समाज के लिए अहम बनना ही असली मकसद है। हम के सचिव डॉ ललित अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी एवं उनके उत्कृष्ट कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के सत्येंद्र ने अभिवादन करते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम केवल पढ़ाई में ही बेहतरीन होने की ही नहीं दिखाता बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने और पूरे विकास को भी दर्शाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ पी के भाटी ने अपने धन्यवाद वक्तव्य में सभी मैनेजमेंट, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अपनी टीम का अभिवादन करते हुए धन्यवाद किया कि यह सब आप सब की मेहनत, मार्गदर्शन एवं सहयोग का फल है। उन्होंने अभिभावकों को अवगत करवाया की स्कूल इस शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ अलग-अलग तरह के सीखने के अनुभव से भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं नैतिक मूल्यों को भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में मातृशक्ति का सहयोग, बलिदान अमूल्य है। विजय दिवस पर सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया। शहर के विभिन्न इलाकों से विजय रैली निकाली गई, जिसमें शहर ने पुष्पवृद जनों ने विभिन्न जगहों पर विद्यालय चेयरमैन, पूरी टीम एवं विद्यार्थियों का फूल मालाओं एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के फाउंडर मेंबर डॉ सतवीर बेनीवाल, विद्यालय सचिव राकेश यादव, ह्ड30 लर्निंग हेड डॉ आनंद नेहरा, सभी कोऑर्डिनेटर, अभिभावक समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय प्रशासक अजय धायल ने किया।

वन महोत्सव प्रकृति से आत्मीयता का उत्सव

न्यूज सर्विस/नवज्योति, पाटन। दिल्ली सीकर बाईपास स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल नीम का थाना में एक सप्ताह से चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय में वन महोत्सव से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों, बच्चों की जागरूकता के लिए संगोष्ठियों एवं अंतर सदनीय नाट क प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने कहा कि वन महोत्सव केवल पेड़ लगाने का कार्यक्रम नहीं है, अपितु यह लोगों का प्रकृति से आत्मीयता का उत्सव है, जिसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन के लिए वनीकरण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। निदेशक के सत्येंद्र ने कहा कि पेड़ हमारा जीवन है, यह हमें प्राण वायु देते हैं और हमें पेड़ों को बचाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के भाटी ने आभार जताया। इस मौके पर विद्यालय प्रशासक अजय धायल, संयोजक वर्षा कुमावत, सुरुचि प्रजापति एवं सभी अध्यापक उपस्थित रहे।





आइना ए शेखावाटी राजस्थान
Website :- ainaesikhawati.online 2
24 मार्च 2025

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के साथ नवनिर्मित भव्य भवन का हुआ उद्घाटन

वन महोत्सव सप्ताहः गुढ़ा पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, जलाभिषेक पर पौधा लगाने का लिया संकल्प

मॉर्निंग मैसेज



नीमकाथाना। वन महोत्सव सप्ताह के तहत शनिवार को दिल्ली-सीकर हाईवे स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेष छात्र-कार्यालय समाज में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रतिस्पर्धियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा पारम्परिक संसाधनों के सतत उपयोग जैसे समसामयिक विषयों पर प्रभावी विचार रखे। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इनका संरक्षण अत्यन्त आवश्यक है। गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येन्द्र ने वृक्षों के महत्व और मानव जीवन में उनकी अनिवार्य भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रबंध निदेशक आर.सी. यादव ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताएँ प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति और वृक्षों पर निर्भर हैं। विद्यालय प्रशासक अजय धायल ने सतत ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा लाए गए पौधों का विद्यालय परिसर में चेयरमैन सम्पत बेनीवाल एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरित भविष्य के निर्माण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पी.के. भाटी ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक माह कम से कम एक पौधा लगाने तथा अपने जन्मदिवस पर वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी जीवनदायिनी है और उसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का प्रथम दायित्व है। कार्यक्रम में विद्यालय के समन्वयक, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आई 30 (I30) लर्निंग सेंटर ओफिस का उद्घाटन किया



दैनिक शुभ भास्कर दिनांक 30 नवम्बर 2025। कोएजुकेशनी स्कूल जिला एवं आई सी ओक्स के पीछे I30 लर्निंग सेंटर के सिटी ऑफिस का उद्घाटन किया गया। सिटी ऑफिस का उद्घाटन के मुख्य अतिथि नाजिम अली खान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोएजुकेशनी, सर्कल सुरजन, पुलिस उपनिरीक्षक कोएजुकेशनी, सर्कल सिंह पठैनर तहसीलदार बानसूर, रामनिवास यादव पूर्व तहसीलदार कोएजुकेशनी एवं सम्मत बेनीवाल, चेयरमैन गुढ़ा एजुकेशन हब के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व द्वीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाजिम अली खान ने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रतन है, इसके बिना जीवन अधूरा रह जाता है। शिक्षा के माध्यम से विकास का मार्ग खुलता है। उन्होंने गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन को बधाई दी हुए कहा की कोएजुकेशनी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की कोचिंग सेंटर की जरूरत थी। आई आई टी एवं मेडिकल कॉलेजों में दाखिले को बच्चों को बेहतर दिशा निर्देश, विभिन्न आई आई टी एवं मेडिकल कॉलेजों में दाखिले को बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अन्य शहरों में जाने की। आवश्यकता नहीं है, हमारा I30 लर्निंग सेंटर नीमकाथाना में हमारे बच्चों को कोचिंग देता के चेयरमैन सम्मत बेनीवाल ने कहा कि हमारे हब का उद्देश है की हर बच्चे को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल देकर उसकाहतुगतक्षमूल्य शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अन्य शहरों में जाने की। आवश्यकता नहीं है, हमारा I30 लर्निंग सेंटर नीमकाथाना में हमारे बच्चों को आई आई टी एवं नेट की कोचिंग देता के प्रधानाचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पहला सुख निरोगी काया।' उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफलता और खुशहाल जीवन की कुंजी है, इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिकचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आर. सी. यादव, प्रशासक अजय धायल, संयोजक वर्षा कुमावत, सुरभि प्रजापति सहित समस्त स्टाफ व छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री पूर्णिमा जांगिड़ ने किया।

गुढ़ा एजुकेशन के चेयरमैन बेनीवाल को इंडोनेशिया के

बाली में मिला इंटरनेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

कलम अस्तित्व



नीमकाथाना। सिरोही कस्बे के बाईपास पर स्थित गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन सम्पत बेनीवाल को इंडोनेशिया के बाली में इंटरनेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस सम्मान से सम्मानित किया गया।29 जून को एसोसिएशन फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में उन भारतीयों को सम्मानित किया गया।जिन्होंने स्टार्ट अप से लेकर अब तक लगातार व्यावसायिक व शैक्षिक उन्नति की है।एसोसिएशन फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ के बैनर तले आयोजित इस सेमिनार में उन सभी भारतीयों को सम्मानित किया। जो अपने अपने क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।गौरतलब है कि गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन सम्पत बेनीवाल को इससे पहले थाईलैंड सरकार द्वारा भारत गौरव अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुका है।इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब की सभी संस्थाओं में हर्ष का माहौल रहा। गुढ़ा एजुकेशन हब के सचिव डॉ. ललित अग्रवाल, डायरेक्टर के. सत्येंद्र, जीआईएस प्राचार्य सी एस सांगवान, जीपीएस एडमिनिस्ट्रेटर सुशील बेनीवाल, एडवाइजर मुकेश कुमार निखिल, जीआईएस जसरापुर प्राचार्य एस के सिंह जीपीएस नीम का थाना प्राचार्य पी के भाटी, प्रशासक अजय धायल आदि ने सम्पत बेनीवाल को बधाइयाँ दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हब के डायरेक्टर के.सत्येंद्र ने बताया कि गुढ़ा एजुकेशन हब को ये अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलना ये संकेत करता है। कि हम नवाचार आधारित शिक्षण में सिरमौर है।उन्होंने इसका श्रेय हब से जुड़े हर कर्मचारी की कड़ी मेहनत को दिया।

गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन





● सत्य मेहिरा

नीमकाथाना। सीकर-झिलाई साईड स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में चल रहे दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने सभी प्रतिभागियों, अभ्यासकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, कार्यशैलता तथा नवाचार को विकसित करने में सहायक होते हैं। ये कैम्प बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कुछ नया सीखने और करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ती है।बेनीवाल ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार के शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि वे अपने डिजी हुए कान-कौशल को पहचान सकें और अवकाश काल में भी एक नियमित जीवनशैली को अपनाते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सकें।विद्यालय निदेशक के. सत्येन्द्र ने ग्रीष्मकालीन शिविर की प्रमुख गतिविधियों एवं आकर्षणों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपने जीवन में कुछ नया सीखने, नया करने और देश के प्रति समर्पित भावना से आगे बढ़ने का आह्वान किया। इसमें कला कौशल, खेल, शिविर बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके सामाजिक, सामाजिक, भावात्मक एवं क्रियात्मक विकास में भी सहायक होते हैं।विद्यालय प्राचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने बताया कि इस शिविर में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो विभिन्न समूहों में थे। शिविर में बच्चों ने योग, नृत्य, संगीत, इनडोर गेम्स, सुटिंग, पोलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, आर्ट एंड क्राफ्ट, सिलिंग, कंप्यूटर एवं वैदिक गणित जैसी विविध कलात्मक गतिविधियों में ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया।डॉ. भाटी ने शिविर के सफल संचालन हेतु विद्यालय प्रबंधन, निदेशक, प्रशासक, सभी कोर्डी, शिक्षकों,विद्यार्थियों तथाअभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों की कड़ी मेहनत, सीखने की लगन और जज्बे की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एडमिनिस्ट्रेटर अजय धायल, शिविर संयोजक दिनेश शर्मा, पूर्णिमा जाखिड़ तथा समस्त विद्यालय टीम का अमूल्य सहयोगपूर्ण योगदान रहा।समापन के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शैक्षणिकीय शिविर में भागीदारी हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सच के साथ खबरे बेबाक़ ....

24 मार्च 2025 नीमकाथाना, राजस्थान



News contact 9461578509

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के साथ नवनिर्मित भव्य भवन का हुआ उद्घाटन

संवाददाता - डॉ अनिल शर्मा



नीमकाथाना - नीमकाथा क्षेत्र में स्थित विद्यालय के नव निर्मित भव्य भवन के उद्घाटन के साथ वार्षिकोत्सव धूमधाम से व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झाबर सिंह खर्रा मंत्री राजस्थान सरकार, खंडेला विधायक सुभाष मील, झुंझनूं विधायक राजेंद्र भामू, उदयपुरवाटी पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, उपस्थित रहे। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन संपत बेनीवाल, सचिव डॉ ललित अग्रवाल, निदेशक के.सत्येंद्र, प्रधानाचार्य डॉ पी.के. भाटी , विद्यालय प्रशासक अजय धायल , संरक्षक बाबूलाल यादव आदि ने अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाटक, कविता और गायन की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पी. के. भाटी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा, मंत्री राजस्थान सरकार व खंडेला विधायक सुभाष मील ने अपने संबोधन में छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमेन संपत बेनीवाल ने जन समूह को बताया कि गुढ़ा एजुकेशन हब शिक्षा क्षेत्र में उन्नति के शिखर की और बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नीम का थाना क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को अब बड़े शहरों में भटकने की आवश्यकता नहीं है और जो स्वप्न विद्यार्थियों के अभिभावकों ने देखा है उसे यह विद्यालय साकार करेगा। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समस्त विद्यालय परिवार, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को सफल बनाया।

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

■ ईवनिंग पोस्ट/नीमकाथाना



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुढ़ा पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के एल.के.जी. से कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष दिव्या, योग प्रशिक्षक पवन रंगेरा, सत्येन्द्र एवं खेल प्रशिक्षक इंदिरा महला ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पद्मासन, शशांकासन, चन्द्र नमस्कार तथा सूर्य नमस्कार सहित अनेक योगाभ्यास किए। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी एवं ध्यान साधना का भी अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है तथा यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है।

इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येन्द्र ने योग की उत्पत्ति, इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पहला सुख निरोगी काया।' उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफलता और खुशहाल जीवन की कुंजी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आर. सी. यादव, प्रशासक अजय घायल, समस्त समन्वयकगण, शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच एवं नियमित योगाभ्यास के संकल्प के साथ हुआ।

वन महोत्सव सप्ताहः गुढ़ा पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण, नुक्कड़ नाटक और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रश्नोत्तरी व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, जन्मदिवस पर पौधा लगाने का लिया संकल्प

मॉर्निंग मैसेज



नीमकाथाना। वन महोत्सव सप्ताह के तहत शनिवार को दिल्ली-सीकर हाईवे स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेष प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। साथ ही अंतरसदनीय प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अंतरसदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मोरिया हाउस ने प्रथम, मेवाड़ हाउस ने द्वितीय तथा चालुक्य हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के बीच आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग जैसे समसामयिक विषयों पर प्रभावी विचार रखे। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येन्द्र ने वृक्षों के महत्व और मानव जीवन में उनकी अनिवार्य भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रबंध निदेशक आर.सी. यादव ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताएँ प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रकृति और वृक्षों पर निर्भर हैं। विद्यालय प्रशासक अजय धायल ने सतत ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा लाए गए पौधों का विद्यालय परिसर में चेयरमैन सम्पत बेनीवाल एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हरित भविष्य के निर्माण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पी.के. भाटी ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक माह कम से कम एक पौधा लगाने तथा अपने जन्मदिवस पर वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी जीवनदायिनी है और उसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का प्रथम दायित्व है। कार्यक्रम में विद्यालय के समन्वयक, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गुढ़ा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव के साथ नवनिर्मित भव्य भवन का हुआ उद्घाटन











आइना न्यूज नीमकाथाना डॉ अनिल शर्मा - नीमकाथाना क्षेत्र में स्थित विद्यालय के नव निर्मित भव्य भवन के उद्घाटन के साथ वार्षिकोत्सव धूमधाम से व वड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झुंझुनूं सांसद श्रीमती शिमला देवी राजस्थान सरकार, खंडेला विधायक शुभाष पीलर, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम, उदयपुरवाटी एवं विधायक शुभकरण चौधरी, उपस्थित रहे। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल, सचिव डॉ ललित अग्रवाल, निदेशक के.सत्येंद्र, प्रधानाचार्य डॉ पी.के. भाटी , विद्यालय प्रशासक अजय धायल , संरक्षक बाबूलाल यादव आदि ने अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी। नृत्य, नाटक, कविता और गायन की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पी. के. भाटी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि झबर सिंह खर्रा, मंत्री राजस्थान सरकार व खंडेला विधायक शुभाष पीलर ने अपने संबोधन में छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने जन समूह को बताया कि गुढ़ा एजुकेशन हब शिक्षा क्षेत्र में उन्नति के शिखर की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नीम का थाना क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को अब बड़े शहरों में भटकने की आवश्यकता नहीं है और जो स्वयं विद्यार्थियों के अभिभावकों ने देखा है उसे यह विद्यालय साकार करेगा। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समस्त विद्यालय परिवार, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को सफल बनाया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी 2026) के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

ग्रामीण मीडिया

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी 2026) के अवसर पर दिनांक 27 फरवरी 2026 को गुढ़ा पब्लिक स्कूल में परमाणु ऊर्जा विभाग एवं परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के तत्वावधान में विज्ञान संगोष्ठी, प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों ने सहभागिता की तथा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग एवं खनिज संसाधनों के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय द्वारा विशेष विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार रेडियम, थोरियम आदि रेडियोधर्मी धातुओं का पता भूमि के भीतर लगाया जाता है तथा उनका वैज्ञानिक अन्वेषण किया जाता है। साथ ही यूरेनियम के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और बताया गया कि यह परमाणु ऊर्जा उत्पादन का प्रमुख स्रोत है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभाग द्वारा विजेता विद्यार्थियों को मेमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वैज्ञानिक अधिकारियों में श्री मनीष शर्मा, श्री सुबोध उपाध्याय, श्री राजेश वर्मा, श्री अशोन मुखर्जी, श्री मोनू कुमार, श्री बिभु प्रसाद दास, श्री मृकुंद माधव चौहां, सुश्री अंकिता दुबे, श्री राहुल यादव तथा श्री शिरामे विशाल काचाडू सम्मिलित रहे। उनके साथ संगठन के सहयोगी स्टाफ सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक श्री के. सत्येंद्र रहे। इस अवसर पर गुढ़ा पब्लिक स्कूल के सचिव श्री मुकेश यादव, प्रधानाचार्य श्री पी. के. भाटी, विद्यालय के प्रशासक श्री अजय धायल, वरिष्ठ समन्वयक श्री दिनेश शर्मा तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे एवं सक्रिय सहभागिता निभाई। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन श्री संपत बेनीवाल ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं अनुसंधान की भावना को प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन अत्यंत सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा।





i30 नेशनल ओलंपियाड पुरस्कार समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता का भव्य उत्सव

ग्रामीण मीडिया

नीमकाथाना। i30 नेशनल ओलंपियाड पुरस्कार समारोह आज नीमकाथाना में अत्यंत गौरव, उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के समारोह में कुल 7,346 प्रतिभागियों में से चयनित 1,751 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। समारोह में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए अभिभावकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को भावनात्मक एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन श्री सम्पत बेनीवाल ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि i30 नेशनल ओलंपियाड विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्रदान कर उनकी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का सशक्त मंच है, जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर गुढ़ा एजुकेशन हब के सचिव डॉ. ललित अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित होती है। शैक्षणिक प्रमुख डॉ. आनंद नेहरा ने बताया कि इस ओलंपियाड के माध्यम से विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ, तार्किक क्षमता एवं प्रतियोगी सोच का समग्र मूल्यांकन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक उद्घाटन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत एवं आकर्षक बना दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण रहा पुरस्कार वितरण समारोह, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, मेरिट प्रमाण पत्र एवं छात्रवृत्ति चाउचर प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक रहा। इस अवसर पर गुढ़ा पब्लिक स्कूल के संस्थापक सदस्य डॉ. सत्वीर पूनिया, डॉ. सत्वीर बेनीवाल, श्री सुनील चौधरी, श्री मुकेश यादव (सचिव - GPS नीमकाथाना), विद्यालय प्रिंसिपल पी के भाटी, विद्यालय के प्रशासक श्री अजय धायल, i30 लीगिंग सेंटर के फैकल्टी सदस्य, क्षेत्र के गणमान्य अतिथि, अभिभावकगण एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आयोजन की सफलता के लिए प्रबंधन, शिक्षकों, फैकल्टी सदस्यों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। i30 नेशनल ओलंपियाड पुरस्कार समारोह ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि यह मंच मेहनत को सम्मान देने, सपनों का उत्सव मनाने और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को प्रेरित करने के अपने संकल्प पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।



गुढ़ा पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस का जश्न

ग्रामीण मीडिया

नीमकाथाना। दिल्ली-सीकर हाइवे स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल में आज 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। स्कूल परिसर को राष्ट्रीय झंडों, फूलों और रंगीन सजावट से सजाया गया था, जो एक भव्य और जश्न के दिन के लिए शानदार तैयार कर रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह से हुई, जहां गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल, हब निदेशक के सत्येंद्र, गुढ़ा पब्लिक स्कूल फाउंडर मेंबर्स डॉ सत्वीर बेनीवाल, सुनील चौधरी, मुकेश यादव, प्रिंसिपल डॉ पी के भाटी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। मुख्य अतिथि सम्पत बेनीवाल, चेयरमैन गुढ़ा एजुकेशन हब ने जनगण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आइना दिवस को याद किया कि आज हम अपने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लें। आइए एक मजबूत, जैविक समावेशी भारत के निर्माण के लिए काम करें। हमें अपने देश की विविधता में एकता को बनाए रखना होगा और आगे बढ़ना होगा।' निदेशक के सत्येंद्र ने अपने संबोधन में एकता और अखंडता के महत्व पर जोर दिया: 'शिक्षकों के रूप में, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करें, जो देश की प्रगति में योगदान दें। हमें अपने छात्रों को नैतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना से प्रेरित करना होगा।' प्रिंसिपल डॉ पी के भाटी ने राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला: 'आज के छात्र कल के नेता हैं। आइए हम उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करें। हमें अपने देश की संस्कृति और विरासत पर गर्व होना चाहिए और इसके लिए काम करना चाहिए।' ' समारोह में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक शामिल थे। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक अजय धायल, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर मोहम्द इलियास, कोऑर्डिनेटर वर्षा कुमावत, सभी अध्यापक एवं बच्चे उपस्थित रहे।



गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के दिए महत्वपूर्ण टिप्स

मॉर्निंग मैसेज





नीमकाथाना। दिल्ली-सीकर रोड स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में साइबर क्राइम जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर पुलिस स्टेशन सीकर से पुलिस निरीक्षक मुकेश मेहरिया, साइबर एक्सपर्ट आनंद तथा प्रोग्रामर शशिकांत सैनी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य वक्ता साइबर एक्सपर्ट आनंद ने मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, साइबर बुलिंग और डिजिटल ठगी जैसे विषयों पर चल-चित्रों के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सीख दी। जयपुर से आए इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी इंजीनियर कुनाल, अनीता और ललित चौधरी ने भी डिजिटल सुरक्षा के सरल उपाय बताए। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल नाथू सिंह और रमेश कुमार की उपस्थिति भी रही।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाने और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक किया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने विद्यार्थियों और अध्यापकों से सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग से बचने और स्वाध्याय पर ध्यान देने का आह्वान किया। हब निदेशक के. सत्येंद्र ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया गतिविधियों से प्रभावित हो रही है, जिससे मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास पर असर पड़ रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने सभी अतिथियों और वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्परिणामों से अवगत कराना है, ताकि वे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और किसी भी प्रकार के फ्रॉड व अनैतिक गतिविधियों से दूर रहें। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अजय घायल सहित सभी विद्यार्थी और अध्यापक उपस्थित रहे।

गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ग्रामीण मीडिया





दिल्ली । सीकर स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में साइबर क्राइम जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर पुलिस स्टेशन सीकर से पुलिस निरीक्षक मुकेश जी मेहरिया, आनंद (साइबर एक्सपर्ट) एवं प्रोग्रामर शशिकांत सैनी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य वक्ता आनंद, साइबर एक्सपर्ट ने मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रोड, साइबर बुलिंग एवं डिजिटल ठगी जैसे विषयों पर चल-चित्रों के माध्यम से उदाहरण दिखाकर बच्चों को सतर्क रहने की सीख दी। जयपुर से आए इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी इंजीनियर कुनाल तथा अनीता, ललित चौधरी ने भी डिजिटल सुरक्षा के आसान उपाय बताए। वहीं नाथू सिंह हैडसाहब, (कोतवाली, नीमकाथाना) एवं रमेश कुमार (थाना सदर, नीमकाथाना) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के बारे में जागरूक किया। गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन सम्पत बेनीवाल ने बच्चों एवं अध्यापकों से अपने संबोधन में आह्वान किया कि वो सोशल मीडिया के अनायास उपयोग से बचे एवं अपना वक्त स्वाध्याय में लगाए ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सके।हब निदेशक के सत्येंद्र ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया गतिविधियों से भ्रमित हो रही है जिससे हमारे मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास पर प्रभाव पड़ रहा है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ पी के भाटी ने सभी वक्ताओं एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा ऐसे सेमिनार करवाने का उद्देश्य है कि बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की वजह से पढ़ाई में बाधा एवं इसके दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराना ताकि युवा पीढ़ी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े एवं किसी प्रकार के फ्रॉड और अनैतिक गतिविधि से दूर रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासक अजय घायल, सभी विद्यार्थी एवं अध्यापक उपस्थित रहे।